

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी


सोमवार 23 फ़रवरी 2026 वर्ष 02 अंक 53 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

घायल तो यहां हर परिंदा है। मगर जो फिर से उड़ सका वहीं जिंदा है..

# मुख्यमंत्री ने अंडर–19 वर्ल्ड कप विजेता वैभव सूर्यवंशी को 50 लाख रुपये से किया सम्मानित

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट, पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को एक अणे मार्ग स्थित 'संकल्प सभागार' में आयोजित एक भव्य समारोह में अंडर–19 क्रिकेट वर्ल्ड कप–2026 की विजेता भारतीय टीम के सदस्य वैभव सूर्यवंशी को 50 लाख रुपये का चेक एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मा. नित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल बिहार, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंडर–19 वर्ल्ड कप–2026 में भारत की ऐतिहासिक जीत में वैभव सूर्यवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और प्रतिभा के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वैभव भविष्य में भारतीय सीनियर टीम के लिए भी नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। श्री कुमार ने कहा कि राज्य सरकार खेलों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बिहार में आधुनिक एवं विश्वस्तरीय खेल अवसंरचना का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि राज्य के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएँ मिल सकें। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग प्रदान करती रहेगी।
मुख्यमंत्री ने वैभव सूर्यवंशी को राज्य के युवाओं के लिए प्रेरणा बताते हुए कहा कि उनकी




सफलता यह दर्शाती है कि प्रतिभा और परिश्रम के दम पर कोई भी ऊंचाइयों को छू सकता है। उन्होंने वैभव को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। समारोह में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, खेल मंत्री श्रेयसी सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, सचिव अनुपम कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, खेल विभाग के सचिव महेंद्र कुमार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रण शंकरण, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के प्रतिनिधि राकेश तिवारी सहित कई वरीय अधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर वैभव सूर्यवंशी के पिता संजीव सूर्यवंशी, भाई उज्ज्वल एवं आशीर्वाद सूर्यवंशी तथा अभिजीत डिसूजा भी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से युवा खिलाड़ी का उत्साहवर्धन किया।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जो कहते हैं वह करते हैं – मंत्री श्रवण कुमार, महिला रोजगार योजना बिहार में लाएगी क्रांति

## डेढ करोड़ से ज्यादा जीविका दीदी के खाते में दस दस हजार

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट नूरसराय (नालंदा)।** नूरसराय प्रखण्ड के कुंदी गाँव में रविवार को बिहार सरकार के ग्रामीण विकास व परिवहन मंत्री श्रवण कुमार व सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने पाँच लाख की लागत से निर्मित यात्री शेड का उदघाटन किया। इस अवसर पर मंत्री श्री कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जो वादा करते है वो करते हैं। चाहे वह दस लाख नौकरी की बात हो या महिला रोजगार योजना की बात। डेढ करोड़ से ज्यादा जीविका दीदी के खाते में दस दस हजार रुपया भेजा गया। सरकार यह पैसा रोजगार के लिए दिया है। विरोधी कहते थे सरकार पैसा वापस लेगी या तरह तरह के भ्रम फैला रहे थे। जो जीविका दीदी रोजगार शुरू कर दिया है उनको दो दो लाख रुपया रोजगार विस्तार के लिए मिलेगा। वही उन्होंने कहा कि बिहार का गाँव अब शहर से बेहतर बन रहा है। गाँव के लोगो को शहरों जैसी सुविधा मिल रही है। चाहे वह बिजली हो या पीने को शुध्द जल।गाँव में पक्की सड़क बन रही है।




सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि बिहार में विकास की गंगा बह रही है।जो बिहार में विकास का कार्य मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया है उसका जोड़ा देश का कोई राज्य नही लगा सकता।बिहार का विकास कार्य का अनुकरण अब दूसरे प्रदेश में हो रहा है। इस अवसर पर जदयू अध्यक्ष नरेंद्र कुमार निराला, रा. जनंदन प्रसाद, छोटे महतो, नवीन कुमार, राजेश कुमार, शशि महतो, परमहंस सिंह, उपेन्द्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।




# नेचर व जू सफारी में अब दो हजार टिकट कटेगा रोजना, एक साल में जू एवं नेचर सफारी से 20 करोड़ राजस्व की हो रही आमदनी

## राजगीर में सात की जगह एक जगह ही लगे पार्किंग, पर हो रहा विचार – आनंद किशोर

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट। राजगीर (नालंदा)।** अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल राजगीर देसी विदेशी पर्यटकों का हब बनता जा रहा है। रोजना हजारों हजार की संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। इसे डेवलप कर पर्यटकों के लिए और बेहतर व्यवस्था की जायेगी। यह पर्यटन की दृष्टिकोण से यह काफी महत्वपूर्ण स्थल है। साल में नेचर व जू सफारी से 20 करोड़ रूपये राजस्व की आमदनी हो रही है। अब लोगों के लिए एक हजार से दो हजार टिकट दी जायेगी। ये बातें वन पर्यावरण एवं जलवायु विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने राजगीर के टूरिस्ट स्पॉट स्थलों के भ्रमण के दौरान समीक्षा करते हुए वार्ता के के दौरान कहीं। श्री किशोर ने कहा कि राजगीर में जितने भी पर्यटक स्थल है सभी को डेवलप करने का कार्य बड़े पैमाने पर की जायेगी। अब यात्रियों को टिकट की समस्या नहीं होगी। पर्यटकों की रख रखाव, जंगल में नेटवर्क एवं आने–जाने एवं ठहरने तक की सारी व्यवस्थाओं से लैस होगी। उन्होंने कहा कि नेचर व जू सफारी से एक साल में 20 करोड़ राजस्व की आमदनी हुई है। एक साल मे तीन लाख लोग नेचर व जू सफारी का दीदार कर चुके। नेचर सफारी में 50 कमरे के दो गेस्ट हाउस बनेंगे ताकि यात्री ठहर सके और वेटिंग हॉल, कैफेटेरिया भी बनेगा। पांच साल तक बच्चे जो ग्लास ब्रिज पर चढ़ नहीं पाते अब 4 साल तक के बच्चे भी ग्लास ब्रिज पर जा सकते हैं। वहीं चार साल के नीचे बच्चों को महिला गाइड देखरेख करेगी। जंगल के एरिया में फ्री वाई–फाई की व्यवस्था होगी साथ ही पीने का पानी वाटर कूलर 20 स्थानों पर लगाया जायेगा। जंगल में पेट्रोलिंग एरिया को मजबूत किया जायेगा जो प्राइवेट स्टाफ है उसे मेडिकल फैसि. लिटी की व्यवस्था डेवलप किया जायेगा। जू सफारी में अस्पताल को और भी अपग्रेड की जाएगी। श्री किशोर ने कहा कि शाम 5 बजे के बाद क्षेत्र सुना हो जाता है सभी लोग होटल में चले जाते हैं इसके लिए 5 से 9 बजे तक वेणुवन में ही लेजर लाइटिंग शो, कल्चरल प्रोग्राम एवं बच्चों की संस्कृति एक्टिविटी कार्यक्रम कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि राजगीर में सात स्थानों पर पार्किंग लगती है उस पार्किंग को एक पार्किंग के रूप में करने पर विचार होगी ताकि पर्यटकों को सहूलियत मिल सके। इसके अलावा घोड़ाकटोरा में चिल्ड्रन पार्क, कैफेटेरिया एवं कई प्रकार के एक्टिविटी को डेवलप किया जाएगा। आनंद किशोर ने कहा कि वैभारगिरि पर्वत पर जैन मंदिर है जहां पर्यटक लोग वहां भी जाते हैं उस स्थान पर गाइड टूर की व्यवस्था की जाएगी। नेचर व जू सफारी में जो बसें चलती है उस बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी एवं सभी में एलईडी लगाया जाएगा। ताकि जिस रास्ते से बस जाएगी उस एलइडी में नेचर व जू सफारी की दूरी एवं जानकारी दी जाएगी पर्यटकों की सुविधा के लिए जूस सफारी गेट के पास दो एटीएम भी लगाया जाएगा एवं वन मित्र का काउंटर भी शुरू की जाएगी जिससे पर्यटक लोग आसानी से पूछताछ कर सके। उन्होंने कहा कि पर्वत दर्शन के लिए पर्यटक लोग पालकी का इस्तेमाल करते हैं उन पालकी को मार्केट से हटाकर वन क्षेत्र में ही पर्वत के पास स्थान दिए जाने का लिया गया है। यात्रियों को आवागवन को लेकर ओवरब्रिज से होते राजगीर गंगा जलाशय मोतनाजय तक आ. वरब्रिज फोर लाइन करने के लिए पथ निर्माण विभाग को निर्देश दिया गया है। इस अवसर पर डीएफओ राजकुमार एम, जू सफारी के डायरेक्टर रामसुंदर एम, वेणुवन रेंजर ऑफिसर श्याम पांडेय, रेंजर ऋषिकेश सहीत वन विभाग के पदाधिकारी लोग शामिल थे।

# UGC रेगुलेशन एक्ट लागू करने को लेकर संघर्ष समिति का गठन, चन्द्रशेखर प्रसाद बने संयोजक

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट। बिहारशरीफ (नालंदा)।** श्रमकल्याण मैदान, बिहारशरीफ में सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें "यूजीसी रेगुलेशन एक्ट लागू करो संघर्ष समिति, नालंदा" का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से चन्द्रशेखर प्रसाद को जिला संयोजक तथा प्रो० शिवकुमार यादव को सहसंयोजक मना. नीत किया गया। बैठक के बाद जारी प्रेस बयान में जिला संयोजक चन्द्रशेखर प्रसाद ने बताया कि University Grants Commission द्वारा प्रस्तावित यूजीसी रेगुलेशन एक्ट को लागू करने की मांग को लेकर 11 मार्च को जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च निकाला जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी को संबंधित मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्हा. ने अपने वक्तव्य में कहा कि उच्च शिक्षण सं. स्थानों में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के छात्रों के साथ भेदभाव की घटनाएं सामने आती रही हैं। कई मामलों में छात्रों को मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है, जिसके गंभीर परिणाम भी देखने को मिले हैं। उन्होंने Rohith Vemula और Payal Tadvi का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसे मामलों ने पूरे देश को झकझोर दिया था।

संघर्ष समिति का कहना है कि वंचित वर्गों तक शिक्षा की समान पहुंच सुनिश्चित करने और संस्थानों में पारदर्शिता व जवाबदेही बढ़ाने के लिए यूजीसी रेगुलेशन एक्ट को प्रभावी ढंग से लागू करना आवश्यक है।

बैठक में पाल बिहारी लाल, वीरेश कुमार, राजेश कुमार, महेन्द्र प्रसाद, मो० चांद, राजकिशोर प्रसाद, कमलेश कुमार कमल सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। उपस्थित सदस्यों ने एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।


Mob:- 9931909825, 7004010773 Abhishek Kr. ( Reporter)
8271042705, 9546290822 (Pankaj Sale & Service)

अजन्ता मैरेज हॉल

यहाँ AC एवं NON AC HALLS की सुविधा उपलब्ध है।

नोटः- हमारे यहाँ शादी-विवाह, रिंग सेरेमनि, रिसेप्शन, बर्थ-डे पार्टी सेमिनार, मीटिंग एवं अन्य अवसर के लिए उत्तम व्यवस्था है।



पताः- मिलपर, कॉलेज & रेलवे स्टेशन रोड नूरसराय (नालन्दा)

# रहुई उच्च विद्यालय में गेटयुक्त चहारदीवारी व पहाड़ी तिराहा से कुशवाहा धर्मशाला तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट।** बिहार शरीफ, नालंदा। मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के अंतर्गत रहुई नगर पंचायत स्थित रहुई उच्च विद्यालय में गेटयुक्त चहारद. ीवारी निर्माण एवं बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र में पहाड़ी तिराहा से कुशवाहा धर्मशाला तक आरस. ीसी नाला निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ 22 फरवरी 2026 को स्थानीय विधायक डॉ. सुनील कुमार द्वारा किया गया। इन दोनों योजनाओं पर क्रमशः लगभग 58 लाख रुपये तथा 1 करोड़ 81 लाख 64 हजार 474 रुपये की लागत आएगी। क्षेत्र में जलनिकासी की स्थायी समस्या के समाधान की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। शुभारंभ समारोह के दौरान विधायक डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि चुनाव के समय क्षेत्रवासियों ने जलजमाव की गंभीर समस्या से उन्हें अवगत कराया था। जनता की मांग को प्राथमिकता देते हुए इस योजना की अनुशंसा की गई और अब इसका शिलान्यास कर कार्य प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि नाला निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद छोटी पहाड़ी, बड़ी पहाड़ी, मानसून नगर तथा कुशवाहा धर्मशाला क्षेत्र में जलजमाव की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। विधायक ने कहा कि वे नियमित रूप से अपने विधानसभा क्षेत्र का निरीक्षण करते हैं और जहां भी आधारभूत सुविधाओं की कमी दिखाई देती है, वहां योजना बनाकर उसे पूरा कराने का प्रयास करते हैं। उन्होंने जानकारी दी कि बड़ी पहाड़ी स्थित फिटनेस पार्क तक जाने वाले मार्ग के निर्माण की भी अनुशंसा की गई है।



इसके अतिरिक्त पहाड़ी क्षेत्र में मंदिर निर्माण का कार्य भी कराया जा रहा है, जिसमें सभी वर्गों के लोगों से स्वैच्छिक सहयोग लिया जाएगा, ताकि सामूहिक सहभागिता से धार्मिक स्थल का विकास हो सके। उन्होंने बताया कि पहाड़ क्षेत्र को आकर्षण का केंद्र बनाने के उद्देश्य से लगभग 20 फीट ऊंची भगवान श्रीराम की प्रतिमा स्थापित करने की योजना है। विधायक ने यह भी कहा कि स्मार्ट सिटी योजना के तहत 11 विभिन्न विकास योजनाओं की अनुशंसा की गई है, जिनका कार्य चरणबद्ध तरीके से कराया जा रहा है। बड़ी पहाड़ी से मुगल कुआं तक सड़क निर्माण का कार्य भी पूरा कराया जा चुका है। डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि चुनाव के दौरान महिलाओं ने पहाड़ी क्षेत्रों में पेयजल समस्या की शिकायत की थी। इसके समाधान के लिए पानी पहुंचाने की व्यवस्था की गई है तथा नगर निगम के सहयोग से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने का प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पहाड़ी क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं और वहां सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। अंत में विधायक ने कहा कि वर्ष 2005 से विधायक बनने के बाद उन्होंने निरंतर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य किया है और आगे भी जनता के सेवक के रूप में समर्पित भाव से कार्य करते रहेंगे।



# स्वच्छ जल स्वच्छ कल को लेकर राजगीर के सूर्यकुंड पर चलाया गया सफाई अभियान

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट। राजगीर (नालंदा)।** संत निरंकारी द्वारा रविवार को स्वच्छ जल स्वच्छ मन को लेकर सूर्यकुंड परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। इसमें निरंकारी सदस्यों के साथ–साथ आम लोगों ने भी भाग लिया। लोगों को सूर्यकुंड की महत्ता को लेकर भी जागरूक किया गया। मुखी रामविलास प्रसाद ने कहा कि स्वच्छ जल और स्वच्छ मन से ही हमारा जीवन स्वस्थ और सुखी हो सकता है। संचालिका अनिता कुमारी गुप्ता ने कहा कि अभियान का उद्देश्य सूर्यकुंड को स्वच्छ व सुदंर बनाना है। इससे पर्यटकों को बेहतर व साफ राजगीर की झलक मिले और यहां से एक बेहतर संदेश लेकर जाएं। इस अभियान में सेवादल संचालिका अनिता कुमारी गुप्ता, संचालक भीम चौधरी, रमेश महाराज और अन्य लोग शामिल थे।

# बच्चे कल के भविष्य, दें बेहतर शिक्षा : डीएसपी,वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाया करतब

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर राजीव लोचन की रिपोर्ट, राजगीर, नालंदा।** स्थानीय राष्ट्रीय जैन संत कमल मुनि कमलेश विद्यालय वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसका उद्घाटन स्कूल के अध्यक्ष निर्मल कुमार जैन, उपाध्यक्ष डॉ. जीएस पीपारा, दारोगा पप्पू कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद इन्द्र मोहन सिंह निराला, कोषाध्यक्ष निलेश एस दोषी, कोलकाता हा. ईकोर्ट के अधिवक्ता अमित कुमार रायदानी ने संयुक्त रूप से किया। बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी लगायी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने शुभ दिन आयो, सिया राम सिया राम३, सांसों की माला, सोशल मीडिया, सेव वाटर, मानो तो मैं गंगा मां हूं, नौ देवी दुर्गा पर आधारित गीतों की प्रस्तुति से सबों का मन मोहा। डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि बच्चे कल के भविष्य हैं। इन्हें बेहतर शिक्षा देना हम सबों का दायित्व बनता है।

विद्यालय के अध्यक्ष निर्मल कुमार जैन ने कहा कि विद्यालय अपने लक्ष्यों अनुसार अग्रसर आगे बढ़ रहा है। आने वाले समय में और बेहतर करे इस पर विद्यालय प्रबंधन को पूरा ध्यान रहेगा। विद्यालय ने शैक्षणिक गतिविधि से लेकर अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन कर एक नया कीर्तिमान साबित किया है। विद्यालय के उपाध्यक्ष डॉ. जीएस पीपरा ने कहा बच्चे शिक्षा अध्ययन कर समाज के एक अच्छे नागरिक बनें।



वे देश के विभिन्न जगहों पर जाएं और अपने समाज का नाम रौशन करें। अंतरदेवी बाघमार एवं निलेश एस दोषी ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा अध्ययन करने वाले बच्चों ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा से लेकर सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में भी सफलता हासिल कर स्कूल का नाम रोशन कर रहा है। यह गौरव की बात है। पाण्डुपोखर के प्रभास कुमार ने कहा कि आज के समय में जिस तरह की शिक्षा की जरूरत है उसे तरह की शिक्षा विद्यालय के द्वारा दिया जा रहा है। इस अवसर पर कोलकता हाईकोर्ट के अधिवक्ता अमित कुमार रायदानी, अंतरा साव, संरक्षक मंजू प्रेम भंडारी, मंत्री मंजू सुराणा, सह मंत्री रेखा भंड. ारी, मंजू गोलक्षा, सारिका जैन, सबिता जैन, चंचला बोथरा, प्रेम जी कर्णावत, पवन भाई बाफना, प्रेमलता पूनमिया, ज्ञानेंद्र पांडेय, इन्द्र मोहन सिंह निराला, गिरजानंदन पांडेय, वाल्मीकि उपाध्याय, दीनानाथ उपाध्याय, ममता कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।









# कतरीसराय में ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत, गांव में शोक की लहर

**केशववाणी । गुड्डू कुमार की रिपोर्ट**

कतरीसराय (नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के पूरब टोला स्थित तरौनी–दरवेशपुरा रोड पर मुंशी पैन के समीप बने पुल के पास एक दर्दनाक हादसे में 50 वर्षीय किसान सतेन्द्र सिंह की मौत हो गई। मृतक की पहचान सतेन्द्र सिंह (पिता दृ मुन्नी सिंह) के रूप में की गई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। प्राप्त जानक. ारी के अनुसार सतेन्द्र सिंह खेत जोतकर आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान वे ट्रैक्टर को बैक कर रहे थे। बैक करते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर मुंशी पैन में जा गिरा और पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दब जाने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कतरीसराय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने घटनास्थल का जायजा लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।



इधर, हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। पूरे क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है और ग्रामीणों ने प्रशासन से आवश्यक सहायता की मांग की है।



# होली पर्व को लेकर वेना थाना में शांति समिति का किया गया बैठक

**केशववाणी राकेश पासवान की रिपोर्ट,।** रहूई(नालंदा)। होली व ईद पर्व को लेकर वेना थाना प्रांगण मे थानध्यक्ष दिनेश कुमार की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक की गई। जिसमे उप. स्थित जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व ग्रामीण जनता से शांतिपूर्ण तरिके होली का त्यौहार मनाने, औऱ हुड़दगियों क़े साथ कड़ाई से निपटने का सख्त निर्देश दिया गया. शरावी व शराब माफीयाओ क़े विरुद्ध सख्ती से निपटा जायेगा।

डीजे पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा।होली मे खलल पैदा करने वालों क़े सलाखो क़े पीछे धकेल दिया जायेगा. बैठक मे मुख्यरूप से अरौत मुखिया श्रवण यादव, सुपसंग सरपंच, सरथा सरपंच, अराउत उपसरपंच रंजीत पासवान, बब्लू कुमार, अशोक यादव, सबइंस्पेक्टर चन्द्रमा यादव, नवीन कुमार, मनोज यादव सहित तमाम पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# शिव प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा, हासनचक गांव में गूंजे 'हर हर महादेव' के जयकारे

**केशववाणी राकेश पासवान की रिपोर्ट,।** हरनौत (नालंदा)। हरनौत प्रखंड के डीहरी पंचायत स्थित हासनचक गांव में भगवान शिव के प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ और संत मिलन समारोह का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। गांव के सभी ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत पटना जिले के बख्तियारपुर प्रखंड स्थित गवासपुर गंगा घाट से की गई। गवासपुर गंगा घाट से 201 कलश में गंगाजल भरकर श्रद्धालु पैदल मार्च करते हुए हासनचक गांव पहुंचे। पूरे मार्ग में 'हर हर महादेव' और 'राधे–राधे, राधे कृष्णा' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। गांव पहुंचने के बाद ब्रह्मकुंड में विधिवत कलश स्थापित कर श्रद्धालुओं ने विश्राम किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश से पधारे बाबा रवि शास्त्री जी ने प्रवचन के दौरान कहा–

"तुलसी इस संसार में पंच रतन है सार,
साधु मिलन हरि भजन दया धर्म उपकार।"

साथ ही उन्होंने कहा–

"तुलसी पंछी के पिये घटे न सरिता नीर,
दान दिए धन ना घटे जो सहाय रघुवीर।"

उन्होंने बताया कि पूजा–पाठ और धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, अखंडता, प्रेम और आपसी भाईचारा बढ़ता है। भगवान की भक्ति और प्राण प्रतिष्ठा से लोगों में नई ऊर्जा का संचार होता है, जिससे शारीरिक एवं मानसिक विकास दोनों संभव होता है। मंदिर की स्थापना से ग्रामीणों में सकारात्मक सोच का विकास होता है और लोग प्रतिदिन जलाभिषेक कर अपने कार्य में लग जाते हैं।





प्राण प्रतिष्ठा के पुजारी अवधेश कुमार उर्फ पप्पू ने बताया कि गांववासियों के सहयोग से हासनचक में भव्य शिव मंदिर का निर्माण कराया गया है। 201 कलश लाकर ब्रह्मकुंड में स्थ. ापित किए गए हैं। भगवान शिव के प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही रुद्र महायज्ञ का आयोजन भी किया जा रहा है। प्रतिदिन संध्या में अयोध्या धाम से आए बाबा श्री शंभू नाथ बाबा अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीण ललन पासवान, भगवान दास, शिव महादेव सहित अन्य ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका रही।

# तुंगी निवासी 86 वर्षीय गुलाब देवी का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**केशववाणी** । बिहारशरीर्फ(नालंदा)। पूर्व मुखिया हरिहर ठाकुर की पत्नी 86 वर्षीय गुलाब देवी तुंगी का निधन हो गया। वे हृदय रोग से पीड़ित थीं और उनका इलाज बिहारशरीफ के सदर अस्पताल में चल रहा था। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिवार तथा गांव में शोक की लहर फैल गई।

गुलाब देवी अपने पुत्र शिक्षक अजय कुमार के साथ सर्वोदयनगर में निवास कर रही थीं। परिजनों के अनुसार अजय कुमार ने अपनी माता की सेवा में पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से कोई कसर नहीं छोड़ी। ग्रामीणों ने उन्हें "श्रवण पुत्र" की संज्ञा देते हुए उनकी सेवा भावना की सराहना की।

अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं परिजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मुखाग्नि उनके तृतीय पुत्र अविनाश कुमार उर्फ जोगी ठाकुर ने दी। शोकसभा में अविनाश कुमार, सुनील कुमार, अजय कुमार, पौत्र आयुष, पीयूष, डायमंड, गोलू, नाती अंकित सहित ग्रामीणों में संजीव सिंह, सतेंद्र सिंह, चंद्रिका सिंह, प्रभु ठाकुर, प्रेमचंद, ज्ञानचंद, श्रीचंद, अर्जुन मांझी,




विजय सिंह, शंकर ठाकुर, सुरेश ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवे. दना व्यक्त की।

# मौलाना अब्दुल कलाम आज़ाद की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट,।** बिहारशरीर्फ(नालंदा)। नालंदा जिला कांग्रेस कार्यालय, राजेंद्र आश्रम धनेश्वरघाट (बिहारशरीफ) में देश के प्रथम शिक्षा मंत्री, हिंदू–मुस्लिम एकता के प्रबल समर्थक एवं खिलाफत आंदोलन के प्रमुख सूत्रधार अब्दुल कलाम आज़ाद की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला ने की। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने मौलाना आज़ाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।



वक्ताओं ने कहा कि मौलाना आज़ाद ने देश की स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक योगदान दिया।सभा में हरिहरनाथ, दिलीप कुमार सिन्हा, धनंजय कुमार पटेल, अनिल चंद्रवंशी, सीपी कुमार, डॉ. अवधेश प्रसाद सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित नेताओं ने उनके विचारों को आत्मसात करने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।






# रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा साप्ताहिक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, 150 मरीजों का हुआ उपचार

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)**। रविवार को श्रम कल्याण केंद्र मैदान स्थित विस्तारित भवन में Indian Red Cross Society, जिला शाखा नालंदा द्वारा साप्ताहिक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए जरूरतमंद एवं निसहाय लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क परामर्श और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। इस दौरान कुल लगभग 150 मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया गया। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम बिहारी ने 46 बच्चों की जांच की। फिजिशियन डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. उमेश कुमार सिंह एवं डॉ. वीरेंद्र कुमार ने 40 मरीजों को परामर्श दिया। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि कुमार ने 10 लोगों का उपचार किया, जबकि फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम ने 20 मरीजों की जांच की। होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार एवं डॉ. रितेश कुमार ने 21 मरीजों को चिकित्सा परामर्श प्रदान किया। इसके अतिरिक्त 25 लोगों की मधुमेह (डायबिटीज) की जांच भी की गई। ऑडियोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने भी जरूरतमंद मरीजों की जांच कर मार्गदर्शन दिया। शिविर में पहुंचे लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की निरूशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उनके लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रही हैं।




कार्यक्रम के सफल संचालन में रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित सहित आजीवन सदस्यों प्रमोद पंडित, नागेंद्र कुमार, बृज बिहारी, राकेश कुमार पंकज, प्रा. `फेसर स्वधर्म कुमार, डॉ. सम मुजफ्फर जमाल, साधु शरण प्रसाद, आकाश रोशन, एएनएम मुस्कान कुमारी, रागिनी कुमारी, कुणाल गौरव, अरुण कुमार एवं संजय कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई। सदस्यों ने मरीजों के पंजीकरण, कतार प्रबंधन एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से संचा. लित किया। रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से बताया गया कि यह स्वास्थ्य जांच शिविर प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके।

# कतरीसराय में पुलिस सप्ताह के प्रथम दिन 5 किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट, कतरीसराय (नालंदा)**। बिहार पुलिस सप्ताह के प्रथम दिन कतरीसराय थाना क्षेत्र में 5 किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने किया। इस अवसर पर अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, पीएसआई मुकुंद भारती, एसआई गुरुदेव खड़िया, एसआई संजय सिंह, एएसआई धर्मेन्द्र कुमार, मनीष कुमार, रुदल पासवान, संजय दास सहित सभी हवलदार, सिपाही, होमगार्ड जवान तथा स्थानीय डफादार एवं चौकीदारों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। मैराथन दौड़ का आयोजन क्षेत्र में पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने पूरे जोश एवं ऊर्जा के साथ दौड़ में हिस्सा लिया। इस आयोजन से क्षेत्र के युवाओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम लोगों और युवाओं को जागरूक करना है, ताकि जनता पुलिस का निर्भीक होकर सहयोग कर सके।



उन्होंने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे क्षेत्र में शांति एवं कानून–व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन ने यह संदेश दिया कि वह जनता की सुरक्षा और सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। समाज में सकारात्मक संवाद और आपसी विश्वास को बढ़ावा देना ही पुलिस सप्ताह का मुख्य लक्ष्य है।







